CRPF conducts digital classes for tribal students

CRPF goes beyond regular call of duty, Shri Manoj Kumar, Asstt. Comdt. of 174 Bn conducts digital classes for Tribal students of Govt. School at Naxal affected Village – Digha in deep Saranda Forest of Jharkhand.

सारंडा में पहली बार शुरू हुई स्मार्ट क्लास

मनोहरपुर | संवाददाता

सीआरपीएफ ने की पहल

- बच्चे स्मार्ट क्लासेस से लेंगे शिक्षा आधुनिक तकनीकियों को सीखेंगे
- सीआरपीएफ जवान बच्चों को कंप्यूटर प्रोजेक्टर के माध्यम से देंगे शिक्षा

सोमवार को दीघा में बच्चों को प्रोजेक्टर पर पढ़ाते सीआरपीएफ के अधिकारी।

मनोहरपुर प्रखंड की सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के स्कूलों में छात्रों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए सीआरपीएफ ने सराहनीय कदम उठाते हुए स्कूल में स्मार्ट क्लासेस की शुरुआत की है।

सारंडा स्थित सीआरपीएफ 174 कंपनी के अधिकारियों व जवानों ने स्मार्ट क्लासेस को लेकर पहल किया है। इसके तहत सीआरपीएफ जवान स्कूल जाकर बच्चों को कंप्यूटर, प्रोजेक्टर के माध्यम से बच्चों को शिक्षा देंगे, ताकि क्षेत्र के गरीब आदिवासी छात्र आधुनिक तकनीकी से जुड़ सके तथा शिक्षा के प्रति उनकी रुचि बढ़े व जागरूक हों। सारंडा के दीघा स्थित 174/ई कंपनी के अधिकारियों व जवानों ने सोमवार को दीघा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में स्मार्ट क्लासेस की शुरुआत की।

दैनिक भास्कर

25-Sep-2018
चाईबासा भास्कर Page 4

बेहतर प्रयास • सरकारी विद्यालयों में बच्चों के ठहराव को लेकर सीआरपीएफ की 174 वीं बटालियन की पहल

सारंडा के दीघा स्कूल में स्मार्ट क्लास, हफ्ते में 3 दिन चलेगी

भास्कर न्यूज | मनोहरपुर

स्कूलों में बच्चों की शिक्षा को बेहतर व रुचिकर करने को लेकर सीआरपीएफ की 174 वीं बटालियन की ई कंपनी की ओर से सोमवार से सारंडा के नक्सल प्रभावित दीघा स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में एक नया प्रयास शुरू किया है। यहां सीआरपीएफ की ओर से डिजिटल क्लास शुरू किया गया है। दीघा स्थित सीआरपीएफ की इस बटालियन के सहायक कमांडेंट मनोज कुमार ने यह पहल शुरू की है। सीआरपीएफ की इस पहल से न सिर्फ यहां पढ़नेवाले बच्चे इसका लाभ ले रहे हैं बल्कि उन्हें डिजिटल क्लास में भी रुचि भी बढ़ने लगी है।

बच्चों को पढ़ाते सीआरपीएफ के अधिकारी।

वहीं उनका यह प्रयास सीआरपीएफ व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के लिए एक अनुकरणीय कदम माना जा सकता है। जबकि उनके इस प्रयास को लेकर सीआरपीएफ की सराहना भी हो रही है।

सप्ताह में 3 दिन चलेगी डिजिटल क्लास

बटालियन के कमान्डेंट डॉ प्रेमचंद के दिशा-निर्देश पर शुरू की गई डिजिटल क्लास सप्ताह में तीन दिन चलेगी। हालांकि इसके लिए दिन का निर्धारण नहीं किया गया है। बताया जाता है डिजिटल क्लास के लिए लैपटॉप, प्रोजेक्टर, डिजिटल बोर्ड व स्पीकर का सहारा लिया जा रहा है।

प्रधानमंत्री के मन की बात भी सुनेंगे बच्चे

पढ़ाई के अलावा बच्चों को अन्य मनोरंजक चीजें भी दिखाई जाएंगी। जिसमें खेल का इनपुट भी रहेगा। इसके अलावा बच्चे पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात भी सुनेंगे। बताया जाता है कि यह डिजिटल क्लास एक से दो घंटे की होगी, ताकि स्कूल की नियमित पढ़ाई में बाधा उत्पन्न न हो सके।

यह क्षेत्र नक्सलवाद से काफी ज्यादा प्रभावित रहा है। इसीलिए यहां के बच्चों की रुचि अभी-भी स्कूलों के प्रति कम है। साथ ही स्कूलों में बच्चों का ठहराव नहीं होता है। स्कूलों में बच्चों के ठहराव बरकरार रखने और बच्चों को शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से ही यहां डिजिटल क्लास की शुरुआत की गई है। **मनोज कुमार, सहायक** *कमान्डेंट, ई-174, दीधा*

ABCDEFGHIJKLMN